दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# एचपी बोर्ड : डी.एल.एड.पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के नतीजे घोषित

- **हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पूरी की पारदर्शिता के साथ जांच प्रक्रिया**

**सवेरा ब्यूरो**

धर्मशाला, 27 मार्च : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डी.एल.एड.कोर्स के परीक्षार्थियों का इंतजार खत्म करते हुए पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के नतीजे घोषित कर दिए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि अक्तूबर/नवंबर 2025 में आयोजित डी.एल.एड. पार्ट-क एवं पार्ट-क्क की नियमित, री-अपीयर और फेल इन फुल सब्जेक्ट श्रेणियों की परीक्षाओं के लिए जिन परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, उनका परिणाम अब आधिकारिक तौर पर उपलब्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों और मानकों के तहत पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई है। डा. शर्मा ने प्रक्रिया



की विश्वसनीयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के माध्यम से परीक्षार्थियों को उनके अंकों की दोबारा जांच का एक उचित अवसर दिया जाता है। इससे न केवल मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित होती है, बल्कि छात्रों का बोर्ड की कार्यप्रणाली पर विश्वास भी बढ़ता है। बोर्ड द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का विषय विशेषज्ञों के माध्यम से गहन परीक्षण करवाया गया है, जिसके पश्चात ही अंतिम परिणाम तैयार कर वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। संबंधित परीक्षार्थी अपना परिणाम देखने के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परिणाम से जुड़ी समस्त जानकारी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही उपलब्ध करवाई गई है, जिसके लिए अभ्यर्थियों को अपने आवश्यक विवरण पोर्टल पर दर्ज करने होंगे।

Dainik Jagran 28-03-2026

# डीएलएड का पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण परिणाम घोषित

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला** : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड का पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने जारी बयान में बताया कि अक्टूबर/ नवंबर 2025 में आयोजित डीएलएड पार्ट-एक व दो की नियमित, री-अपीयर व सभी विषयों में अनुत्तीर्ण जिन विद्यार्थियों ने परीक्षाओं के लिए आवेदन किया था, उनका परिणाम आधिकारिक तौर पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया निर्धारित नियमों और मानकों के तहत पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई है।

# डीएलएड पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित, छात्रों का इंतजार खत्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड कोर्स के परीक्षार्थियों का इंतजार खत्म करते हुए पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के नतीजे घोषित कर दिए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि अक्टूबर/नवंबर 2025 में आयोजित डीएलएड पार्ट-1 एवं पार्ट-2 की नियमित, री-अपीयर और फेल इन फुल सब्जेक्ट श्रेणियों की परीक्षाओं के लिए जिन परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, उनका परिणाम अब आधिकारिक तौर पर उपलब्ध है। संबंधित परीक्षार्थी अपना परिणाम देखने के लिए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परिणाम से जुड़ी समस्त जानकारी केवल ऑनलाइन माध्यम से ही उपलब्ध करवाई गई है, जिसके लिए अभ्यर्थियों को अपने आवश्यक विवरण पोर्टल पर दर्ज करने होंगे। शिक्षा बोर्ड ने छात्रों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 01892-242158 और पुनर्निरीक्षण के लिए 01892-242122 पर संपर्क कर सकते हैं।

# HPBOSE: D.El.Ed. Re-evaluation and Re-checking Results Declared

SANJAY AGGARWAL | DHARAMSHALA MAR 27

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has put an end to the wait for examinees of the D.El.Ed. (Diploma in Elementary Education) course by declaring the results for re-evaluation and re-checking. In a press statement, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma announced that the results are now officially available for those examinees who had applied for the D.El.Ed. Part-I and Part-II examinations—conducted in October/November 2025—across the regular, re-appear, and 'fail in full subjects' categories. He emphasized that this entire process was conducted with complete transparency, strictly adhering to established rules and standards. Highlighting the credibility of the process, Dr. Sharma stated that re-evaluation and re-checking provide examinees with a fair opportunity to have their marks re-verified. This not only ensures the impartiality of the evaluation process but also enhances the students' confidence in the Board's functioning. All applications received by the Board underwent a rigorous scrutiny process by subject experts, following which the final results were compiled and uploaded to the website. Concerned examinees may visit the official website of the Himachal Pradesh Board of School Education,

The Sunny Times

# HPBOSE DECLARES D.EL.ED. RE-EVALUATION RESULTS: A BEACON OF HOPE FOR ASPIRING TEACHERS

**Sunny Mahajan I Dharamshala**




The long-standing anticipation for hundreds of candidates has finally culminated in a moment of clarity as the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) officially announced the re-evaluation and re-checking results for the Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) program. This announcement serves as a pivotal turning point for students who sought a second look at their performance from the October/November 2025 examination cycle.

In a move that underscores the adage "Better late than never," Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the results cater to a diverse group of examinees, including regular students, re-appear candidates, and those in the 'fail in full subjects' category across both Part-I and Part-II. By digitizing the scores on the official portal, the Board has ensured that the fruits of labor are now just a click away, effectively proving that "Patience is a virtue" when awaiting academic justice.

The Board's commitment to academic integrity was the highlight of the process. Dr. Sharma emphasized that the results were not merely processed but meticulously curated under the watchful eyes of subject matter experts. Adhering to the principle that "Justice must not only be done, but must also be seen to be done," the Board maintained rigorous transparency and standardized protocols throughout the scrutiny phase. This thorough approach aims to fortify student trust in the evaluation machinery, providing a safety net for those who believed their original scores did not reflect their true potential.

Aspiring educators can now verify their updated status by visiting the official website at www.hpbose.org. To ensure no stone is left unturned, the Board has also established dedicated helplines for further clarification. For re-evaluation queries, candidates may dial 01892-242158, while re-checking concerns are addressed at 01892-242122. This proactive communication serves as a reminder that "Information is the currency of democracy," allowing students to move forward in their professional journeys with absolute certainty.

Divya Himachal 28-03-2026

# डीएलएड पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का रिजल्ट आउट

## अक्तूबर-नवंबर 2025 सत्र के पार्ट-1 व पार्ट-2 के आए नतीजे

सिटी रिपोर्टर– धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा डीएलएड पाठ्यक्रम के पार्ट-1 एवं पार्ट-2 नियमित, री-अपीयर तथा पूर्ण विषय में असफल अभ्यर्थियों की अक्तूबर-नवंबर 2025 सत्र की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया है।

बोर्ड के अनुसार सभी परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आसानी से देख सकते हैं। शिक्षा बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा परिणाम पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ तैयार किया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को अपने अंकों या परिणाम को लेकर कोई



संदेह हो, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत पुनर्मूल्यांकन या पुनः जांच के लिए आवेदन कर सकता है। साथ ही, बोर्ड ने संबंधित संस्थानों को भी निर्देश दिए हैं कि वे विद्यार्थियों को समय पर परिणाम की जानकारी उपलब्ध करवाएं। इस संबंध में बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ घोषित किया गया है। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यदि किसी भी अभ्यर्थी को अपने परिणाम को लेकर कोई शंका है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकता है। उन्होंने असफल रहने वाले अभ्यर्थियों को स्पष्ट करते हुए कहा है कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, वे पुनः प्रयास कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। बोर्ड सचिव ने अभिभावकों और शिक्षकों से भी अपील की कि वे विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाएं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

Amar Ujala 28-03-2026

# डीएलएड पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को डीएलएड का पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित किया। बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि अक्तूबर-नवंबर में डीएलएड पार्ट-1 और 2 की परीक्षाएं ली थीं। घोषित परीक्षा परिणाम के बाद कुछ अभ्यर्थियों ने अपने परिणाम पर असंतोष जताते हुए पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था। शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को इसका परिणाम घोषित कर दिया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी इस परिणाम को बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। ब्यूरो

Anant Gyan 28-03-2026

# दसवीं की पहली परीक्षा के बाद डिजिलॉकर में मिलेगा सर्टिफिकेट

**अनंत ज्ञान**

**◆शिक्षा बोर्ड डयूल परीक्षा के तहत दसवीं के परीक्षार्थियों को देगा सुविधा**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में दसवीं की पहली परीक्षा के बाद बोर्ड डिजिलॉकर पर सर्टिफिकेट उपलब्ध करवाएगा। बोर्ड की ओर से दसवीं के परीक्षार्थियों हेतु शुरू की गई डयूल परीक्षा के तहत यह व्यवस्था रहेगी। स्टूडेंटस को आगे की पढ़ाई में किसी तरह की परेशान न हो, इसके लिए बोर्ड ने डिजिलॉकर पर पहली परीक्षा के सर्टिफिकेट उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। अंतिम सर्टिफिकेट को दूसरी बार आयोजित होने वाली परीक्षा का परिणाम आने के बाद जारी किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं कक्षा की पहली परीक्षा का आयोजन मार्च माह में किया जा रहा है। इसके बाद दूसरी परीक्षा जून माह तक आयोजित की जाएगी। यह नई प्रणाली विद्यार्थियों को अपने अंकों में सुधार का एक अतिरिक्त अवसर प्रदान करेगी। पहली परीक्षा के बाद मिलने वाले सर्टिफिकेट को डिजिटल रूप में डीजी लॉकर पर अपलोड किया जाएगा। इस सर्टिफिकेट का उपयोग विद्यार्थी विभिन्न स्कूलों, कोचिंग सेंटरों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए कर सकेंगे।

> **10वीं** कक्षा के लिए डयूल परीक्षा प्रणाली लागू की गई है। इसके चलते पहली परीक्षा का आयोजन मार्च माह में हो रहा है, जबकि दूसरी परीक्षा का आयोजन जून माह तक होगा। इस दौरान शिक्षा बोर्ड पहली परीक्षा के 10वीं कक्षा के सर्टिफिकेटों को डीजी लॉकर पर उपलब्ध करवाएगा, ताकि उन्हें अन्य शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेने में कोई दिक्कत न हो। अंतिम सर्टिफिकेट को जून माह में होने वाली परीक्षा के बाद ही जारी किया जाएगा।
>
> **-डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला**

इससे उन्हें परिणाम का इंतजार किए बिना अपने भविष्य की पढ़ाई की योजना बनाने में मदद मिलेगी। वहीं दूसरी परीक्षा के बाद जारी होने वाली अंतिम मार्क्सशीट ही आधिकारिक और पूर्ण परिणाम मानी जाएगी। डयूल परीक्षा प्रणाली के तहत विद्यार्थियों को यह विकल्प भी मिलेगा कि वे दूसरी परीक्षा में शामिल होकर अपने अंकों में सुधार कर सकेंगे। यदि विद्यार्थी दूसरी परीक्षा देते हैं, तो अंतिम मार्क्सशीट उसी के आधार पर तैयार की जाएगी।